## एक नजर में

### राजगढ़ जिले में वर्ष 2026 के लिए स्थानीय अवकाश घोषित

**राजगढ़ 13 जनवरी, का.** सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल की अधिसूचना के अनुसार प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा जिला राजगढ़ में वर्ष 2026 के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है. उन्होंने संपूर्ण राजगढ़ जिला में 12 मार्च दिन गुरुवार को उर्स बाबा बदखशानी, 19 अक्टूबर दिन सोमवार को महानवमी तथा 06 नवंबर 2026 दिन शुक्रवार को धनतेरस का स्थानीय अवकाश घोषित किया है. यह अवकाश बैंक, कोषालय एवं उपकोषालय पर लागू नहीं होंगे.

### पासपोर्ट कार्यालय वैन अब राजगढ़ में

**राजगढ़ 13 जनवरी, का.** राजगढ़ के नागरिकों को पासपोर्ट सेवाएँ नजदीक उपलब्ध कराने हेतु, भारत सरकार की पहल अंतर्गत क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय भोपाल, की पासपोर्ट वैन अब राजगढ़ में तैनात की जाएगी। यह पासपोर्ट वैन पूरी तरह से पासपोर्ट सेवाएँ प्रदान करने के लिए सुसज्जित है, जिसमें बायोमेट्रिक नामांकन (फोटोग्राफ, फिंगर प्रिंट ओर डिजिटल सिग्नेचर) और दस्तावेज सत्यापन शामिल है. इससे नागरिको को पासपोर्ट सेवाओं के लिए भोपाल नही जाना पडेगा और पासपोर्ट प्रक्रिया अब राजगढ़ में ही पूरी की जा सकेगी. साथ ही 14 जनवरी, 2026 से 27 फरवरी, 2026 तक यह पासपोर्ट वैन मंगल भवन राजगढ़ में सप्ताह में तीन दिन सोमवार बुधवार एवं शुक्रवार को उपलब्ध रहेगी. इससे राजगढ़ की जनता समय और पैसे की बचत करते हुए पासपोर्ट सेवाओं का लाभ उठा सकेगी. नागरिक अपने पासपोर्ट अपॉइंटमेंट के लिए पर अपॉइंटमेंट बुक कर सकते है, ओर संबंधित शुल्क जमा कर सकते है.

### आवेदिका को मिली दो हजार रुपये की आर्थिक सहायता

**राजगढ़ 13 जनवरी, का.** कलेक्टार डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा आवेदिका रेखा बाई को रेडक्रॉस से दो हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदाय की गई. आवेदिका रेखा बाई ने बताया कि आवेदिका विकलांग है. साथ ही आवेदिका के पति की मृत्यु एक वर्ष पूर्व हो गई है. जिससे आवेदिका को परिवार का भरण पोषण करने में काफी परेशानिया हो रही है.

### पानी का सैम्पल लेकर टेस्टिंग की गई

**राजगढ़ 13 जनवरी, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा के मार्गदर्शन में मंगलवार को नगर परिषद के अमले द्वारा वार्ड क्रमांक 12 से जल सप्लाई के दौरान पानी के सैंपल लेकर कार्यालय में उपयंत्री ब्रजेश उपाध्याय की उपस्थिति में पानी की टेस्टिंग की गई. जांच के दौरान पानी का पी एच 7 .5 एवं पानी पीने योग्य पाया गया. साथ ही जल शाखा कर्मचारियों द्वारा मेंन लाइन लीकेज दुरुस्ती कार्य कर आवास स्टोर टैंक की सफाई एवं पुताई का कार्य भी किया गया. इस दौरान जल शाखा प्रभारी सुनील नागर एवं वालमेंन कमल शर्मा पंप ऑपरेटर हरिओम आदि उपस्थित रहे.

# खस्ता हाल स्कूल बस ट्रैक्टर से भिड़ी, 10 बच्चे घायल

## लापरवाही : खिलचीपुर की घटना, एक्सीडेंट के बाद ट्रैक्टर का इंजन टूटा, सड़क पर बहा आइल

### खिलचीपुर में हुई गंभीर घटना, एक बार फिर गंभीर लापरवाही आई सामने

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 13 जनवरी, का. मंगलवार को खिलचीपुर में एक निजी स्कूल की बस ट्रेक्टर ट्रॉली में पीछे से जा भिड़ी. दुर्घटना में लगभग 10 बच्चों को चोट आई है.**

खिलचीपुर में बच्चों की सुरक्षा को लेकर बड़ी और गंभीर लापरवाही सामने आई है. नगर में एसडीएम कार्यालय के सामने सरदार पटेल एकेडमी की बच्चों को ले जा रही स्कूल बस पीछे से एक ट्रेक्टर में जा भिड़ी. दुर्घटना में दस बच्चों को चोट आई है, बस में सवार बच्चे दुर्घटना से काफी दहशत में आ गये. मौके पर चीख-पुकार मच गई.

#### ट्रैक्टर का इंजन टूटा, सड़क पर बहा ऑयल

बस जोर से ट्रेक्टर से जा भिड़ी, टक्कर इतनी भयावह थी कि ट्रेक्टर का इंजन टूट गया और सड़क पर ऑयल बहने लगा.दुर्घटना होते ही बस चालक और ट्रेक्टर चालक मौके पर से भाग खड़े हुए. घटना से अफरा-तफरी मच गई. दुर्घटना के कारण दहशत में आये बच्चे चीख-पुकार करने लगे. बस के अंदर बच्चे चीखने-चिल्लाने लगे. कुछ बच्चे डर से कांपने लगे तो किसी को चक्कर आने लगे. जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में परिजन और नागरिक मौके पर पहुंचे. एसडीएम अंकिता जैन, तहसीलदार विनीत गोयल, एसडीओपी धर्मवीर सिंह नागर, टीआई उमा शंकर मुकाती मौके पर पहुंचे. घायल और घबराए बच्चों को दूसरी बस में बैठाकर तुरंत निजी अस्पताल पहुंचवाया. अधिकारी भी नर्सिंग होम पहुंचे और घायल बच्चों का हाल जाना. घायल बच्चों में रक्षा दांगी उम्र 10 वर्ष निवासी हिनोत्या, राजवीर सिंह खिंची 13 वर्ष निवासी हिनोत्या, विवेक दांगी उम्र 13 वर्ष, कोमल दांगी 13 वर्ष निवासी बड़बेली, भेरू सिंह दांगी उम्र 14 वर्ष, अरविंद दांगी 12 वर्ष, आशीष दांगी 12 वर्ष निवासी ग्राम हिनोत्या सहित अन्य शामिल है.

**स्कूल प्रबंधन ने कहा बस की फीटनेस पूर्ण-** खिलचीपुर के छापीहेड़ा रोड स्थित सरदार पटेल एकेडमी स्कूल के प्रिंसिपल जितेंद्र गुप्ता के अनुसार स्कूल के संचालक जीरापुर निवासी शिव प्रसाद दांगी, दिनेश गुर्जर और सुरेश सुमन हैं. घटना के समय बस में 35 से 40 बच्चे सवार थे. क्रॉसिंग के दौरान ट्रेक्टर से टक्कर होना बताया है. प्रिंसिपल का कहना है कि बस की फिटनेस पूरी है.

### खस्ता वाहनों को भी मिल रहा है फिट होने का प्रमाण पत्र



घटना के बाद परिजन काफी गुस्से में नजर आये. स्कूल प्रबंधन पर जमकर गुस्सा फूटा. परिजनों का कहना है कि स्कूल बस लंबे समय से खराब हालत में चलाई जा रही है. बस बार-बार खराब हो जाती है. अनेक बार ड्रायवर बदल दिए गये. चालक तेज रफ्तार में बस चलाता था. बच्चों की सुरक्षा को लेकर कोई सावधानी नहीं बरती जाती है.

#### कई जर्जर स्कूल वाहन दौड़ रहे सड़को पर

बस में सवार घायल छात्रा कोमल बेहद डर गई, उसने बताया कि वह कक्षा सातवीं की छात्रा है. घटना के समय एसडीएम कार्यालय के सामने डिवाइडर के कट से एक ट्रैक्टर सड़क पर निकल रहा था, तभी बड़वेली की ओर से आ रही स्कूल बस लेट होने से तेज गति में थी बस चालक ने ब्रेक लगाया, लेकिन बस उससे टकरा गई. बस पहले से ही जर्जर हालत में है. कई बार इंजन गर्म होने पर चालक बस पर पानी डालकर चलाता था. एक बार तो बस से धुआं भी निकलने लगा था. जिससे बच्चे पहले से डरे हुए रहते थे.

#### जब तनावपूर्ण बना माहौल

घटना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों में काफी आक्रोश दिखाई दिया. काफी तनावपूर्ण स्थिति निर्मित हो गई, अधिकारयों एवं पुलिस ने मामले को जैसे-तैसे संभाला. परिजनों स्कूल प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे थे. परिजनों का कहना था कि स्कूल वाले पुरानी और खराब बसों में बच्चों को ले जाते है. पुलिसकर्मी दुर्घटनाग्रस्त बस को सड़क से हटाकर थाने ले जाने पहुंचे तो परिजनों ने उन्हें रोका. अधिकारियों ने परिजनों को समझाईश दी और कार्रवाई का भरोसा दिलाया, जिसके बाद बस को जप्त कर थाने ले जाया गया. बस क्रमांक एमपी 13 जग 7375 को हिनोत्या गांव निवासी रतन सिंह द्वारा चलाना बताया जा रहा है. जबकि ट्रेक्टर घाटाखेड़ी निवासी ईश्वर चला रहा था. दोनों चालकों के मौके से फरार होने से लोगों में नाराजगी और बढ़ गई. एक घायल बच्चे की मां ने बताया कि उनके बेटे को भी चोट आई है, कहा कि बस के इंजन से कई बार धुआं निकल चुका है. इंजन गर्म होने पर चालक उस पर पानी डालकर बस चलाता था. कई बार स्कूल में शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई.

### सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर का हुआ शुभारंभ

**राजगढ़ 13 जनवरी, का.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोदग्राम कालीपीठ में सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर का शुभारंभ संस्था प्राचार्य डॉ. वी.बी. खरे की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन हुआ. इस विशेष शिविर का उद्देश्य ग्राम विकास एवं जनजागरूकता को सशक्त बनाना है. शिविर के अंतर्गत मतदाता जागरूकता, पर्यावरण समृद्धि एवं संरक्षण, वित्त साक्षरता, जनसाक्षरता एवं शिक्षा, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिक्षा एवं पोषण जागरूकता, समाज सेवा, नारी उत्थान, बाल अधिकार एवं बाल संरक्षण, श्रमदान, शासकीय योजनाओं के प्रति जागरूकता, नशा मुक्ति तथा करियर मार्गदर्शन एवं डिजिटल साक्षरता जैसे विविध विषयों पर गतिविधियाँ संचालित की जाएगी. स्वयं सेवकों के व्यक्तित्व विकास के लिए प्रतिदिन विभिन्न परियोजनाएँ एवं कौशल आधारित गतिविधियाँ निर्धारित की गई हैं, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाना है. सात दिवसीय विशेष शिविर जिला संगठक डॉ. शैलेन्द्र कुमार मेवाड़ा के संयोजन में संचालित किया जा रहा है.



## वॉटर प्लांट संचालकों को करानी होगी पानी की जांच

### फूड विभाग ने जारी किए पंजीकृत आरओ प्लांटों को आदेश

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 13 जनवरी, का.** इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने के कारण 20 से अधीक लोगों की जान जाने के बाद जिले में भी प्रशासन पेयजल की शुद्धता को लेकर काफी सख्त हो गया है. नगरीय निकायों को अपने यहां सप्लाई किए जाने वाले पानी की टेस्टिंग कराने के निर्देश दिए जाने के बाद अब आरओ प्लांटों के पानी की शुद्धता को जांचने जिला प्रशासन ने आदेश जारी करते हुए सभी आरओ प्लांटो को पानी की टेस्टिंग कराने के निर्देश दिए है. जिला कलेक्टर के आदेशानुसार फूड विभाग के द्वारा अपने यहां पंजीकृत जिले भर के लगभग 30 आरओ प्लांटों के संचालकों को पत्र के माध्यम से अपने यहां उपयोग में लिए जाने वाले पानी की गुणवत्ता जांच हेतु टेस्टिंग कराने को कहा गया है.


**पीएचई या अन्य अधिकृत लैब में करा सकते जांच-** फूड विभाग के अनुसार आरओ प्लांटों के द्वारा पीएचई या फिर अन्य अधिकृत लैब में अपने यहां के पानी की जांच करा सकते है. जांच के बाद इसकी रिपोर्ट फूड विभाग को देना होगी. प्रशासन के आदेशों के बावजूद भी यदि किन्हीं आरओ प्लांट के द्वारा पानी की गुणवत्ता की जांच नहीं करवाई जाती है तो फूड विभाग संबंधित के फूड सेफ्टि लायसेंस व अन्य नियमानुसार कार्यवाई करने के लिए बाध्य होगा.

**पाऊच, बिसलरी को लेकर भी बरती जाएगी सतर्कता-** जहां आरओ प्लांट के पानी की जांच के आदेश प्रशासन द्वारा दिए गये है, वहीं अब बाजार में बिकने वाले पानी पाऊच एवं बिसलरी की बोतल में मौजूद पानी की गुणवत्ता को लेकर भी संशय बना हुआ है. इस संबंध में फूड विभाग का कहना है कि पानी पाऊच एवं बिसलरी के पानी को लेकर भी सतत् निगाह रखते हुए चेकिंग की जाएगी.

*जिले के करीब 30 पंजीकृत आरओ प्लांटों को पत्र जारी कर अपने यहां उपयोग किए जाने वाले पानी की गुणवत्ता परखने पानी के सेम्पल की जांच हेतु कहा गया है.*

**शिवराज पावक**
**जिला अधिकारी,**
**खाद्य विभाग राजगढ़**

### मांगीलाल गुप्ता दांईखेड़ी वाले का देहावसान



नवभारत न्यूज

**जीरापुर 13 जनवरी, सं.** नगर के मेडतवाल समाज दांईखेड़ी वाले परिवार के सदस्य मांगीलाल गुप्ता का देहावसान हो गया. वह 59 वर्ष के थे जिनका विगत एक वर्ष से स्वास्थ्य खराब चल रहा था. मांगीलाल गुप्ता दांईखेड़ी वाले मिलनसार तथा सादगी पुर्ण व्यक्तित्व की पहचान थे. उनकी शवयात्रा उनके गृह निवास बिट्लेश कालोनी से स्थानीय मुक्ति धाम ले जाई गई जिसमें मेडतवाल समाज सहित अन्य समाज जन तथा व्यापारी वर्ग शामिल हुआ. मुक्ति धाम पर शोक सभा में सेवानिवृत्त शिक्षक ओमप्रकाश सेन, समाजसेवी दिनेश जमींदार, गिरीराज जुलानिया ने श्रद्धांजलि अर्पित कर कहा कि व्यवहार कुशल एवं साधारण रहन सहन के धनी मांगीलाल गुप्ता थे. उन्हें मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र आशु(गोलु) ने दी. जहां दो मिनट का मोन रखकर सभी ने शोक संवेदना प्रकट की.

## 2027 तक देश के 8 सौ जिलों तक पहुंचेगा गौ सम्मान आव्हान अभियान

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 13 जनवरी, सं.** आज नगर में मकर सक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में गो सम्मान आह्वान अभियान को लेकर जिला स्तरीय बैठक रखी गई है. स्थानीय मेडतवाल समाज धर्मशाला किशनगढ़ मोहल्ला में आज 14 जनवरी को शाम 4 बजे गो सम्मान आह्वान अभियान को लेकर जिला स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी. जिसमें गोमाता के सम्मान और गोहत्या पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर केंद्र सरकार से कानून बनाने की अपील तथा संतों एवं गो सेवकों द्वारा सत्संग और गो रक्षा से जुड़ी चर्चाएं की जाएंगी. जानकारी के अनुसार भारत की 5000 से अधिक तहसीलों एवं 790 जिलों में भगवती गोमाता की सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान के लिए संतो एवं सनातनियों ने गो सम्मान अभियान चलाया है जिसमें गो माता को सम्मान दिलाने की मांग की जाएगी.

**छह माह लगातार दिल्ली में गौ संकीर्तन-** जिला स्तरीय बैठक 14 जनवरी को जीरापुर में आयोजित होगी. तत्पश्चात 27 अप्रैल को प्रत्येक तहसील अथवा उपखण्ड मुख्यालय पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम प्रार्थना पत्र सौंपे जाएंगे. अपेक्षित उत्तर नहीं मिलने पर जुलाई और अक्टूबर में पुन: जिला,राज्यों एवं भारत की राजधानी में चरणबद्ध रूप से यह प्रक्रिया दोहराई जाएगी. इसके बाद 27 फरवरी 2027 को देश के 800 जिलों से संत और गोभक्त देश की राजधानी दिल्ली में एकत्र होकर शांतिपूर्ण संकीर्तन के माध्यम से गौ सेवा, गौ सुरक्षा और गौ सम्मान के लिए केन्द्र सरकार से प्रार्थना करेंगे. यह संकीर्तन छह माह यानी 15 अगस्त 2027 तक चलेगा.









### 6 करोड़ के बकाया की वसूली करेगी बिजली कंपनी

## 6 सौ उपभोक्ताओं को थमाए नोटिस

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 13 जनवरी, का.** विद्युत वितरण कंपनी ग्रामीण क्षेत्र ब्यावरा द्वारा 600 ऐसे बकायादारों जिनमें प्रत्येक पर एक लाख से अधिक राशि बकाया है उनको नोटिस जारी किए गये है. इन उपभोक्ताओं पर लगभग 6 करोड़ रुपया बकाया बताया जाता है. जानकारी के अनुसार ब्यावरा ग्रामीण क्षेत्र के एक लाख राशि वाले 600 उपभोक्ताओं को नोटिस दिए है. इनमें पम्प, कमर्शियल एवं घरेलू उपभोक्ता शामिल है. नोटिस में समाधान योजना के तहत सरचार्ज माफी का लाभ उठाते हुए बकाया राशि जमा करने को कहा गया है. अपनी बकाया राशि जमा करने सात दिन का समय दिया गया है. नोटिस के बाद 70-80 उपभोक्ताओं ने अपनी बकाया राशि जमा भी की है.



#### डिस्कनेक्ट, जप्ती की होगी कार्यवाई

कंपनी के द्वारा कहा गया है कि बावजूद इसके जिन उपभोक्ताओं के द्वारा बकाया राशि जमा नहीं की जाएगी उनके कनेक्शन डिसकनेक्ट करते हुए मोटर जप्ती की कार्यवाई होगी. गौरतलब है कि ब्यावरा ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 17 हजार उपभोक्ता है.

*ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 600 उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए गये है इन पर करीब 6 करोड़ रुपये की राशि बकाया है. सात दिन का अवसर दिया है जिसमें उपभोक्ता समाधान योजना का लाभ उठाते हुए राशि जमा सकते है. बकाया राशि जमा नही होने पर कार्यवाई की जाएगी.*

**सीतेश गुप्ता**
**जेई, विद्युत वितरण कंपनी**
**ग्रामीण क्षेत्र ब्यावरा**